समय **3** घंटे सेंट मारग्रेट सी०सै० स्कूल अंक - **60**

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र वर्ष - **2023-24**

विषय - हिंदी कक्षा सातवीं

सामान्य निर्देश :- पढ़िए और उनका पालन निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से और उनका पालन कीजिए :-

- इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं अ और ब|
- दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

**(खंड -अ)**

**प्रश्न 1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विकल्प में से चुनकर लिखिए:- 1x15 =15**

**1. जातिवाचक संज्ञा चुनिए:**

(क) पुस्तक (ख) हिंदी (ग) कल (घ) राम

**2 सर्वनाम शब्द से वाक्य पूरा कीजिए ---- आया था ---- लाया था |**

(क) कौन -क्या (ख) अब -तब (ग) जैसा -वैसा (घ) कुछ-कुछ

**3 किसी भी भाषा को लिखने का तरीका ---- कहलाता है:**

(क) व्याकरण (ख) लिपि (ग) संज्ञा (घ) बोली

**4 धीरे - धीरे लिखिए | - क्रियाविशेषण भेद बताएँ |**

(क) काल वाचक (ख) स्थान वाचक (ग) रीतिवाचक (घ) परिमाणवाच

**5.तुमने मेरे --------- गवाही दी थी | संबंधबोधक से वाक्य पूरा करें |**

(क) अलावा (ख) विरुद्ध (ग) कोई (घ) के लिए

**6.निम्नलिखित वाक्य के लिए उचित विस्मयादिबोधक चुनिए:-**

------ ! कितनी गर्मी है |

(क) उफ़ (ख) वाह (ग) अच्छा (घ) शाबाश

**7. इच्छा वाचक का वाक्य चुनिए :-**

(क) जो आया है, वो जाएगा (ख) काश ! आज वर्षा जाए

(ग) तुम कब आए ? (घ) यहाँ बैठो

**8.अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद बताइए– मुझे जलेबी पसंद है|**

(क) विधानवाचक (ख) आज्ञावाचक (ग) निषेधवाचक (घ) संकेत वाचक

**9. विराम चिह्नों के नाम लिखिए - क ( ) ख ?**

**10 करण कारक का विभक्ति चिह्न क्या है ?**

(क) से अलग (ख) के द्वारा (ग) के (घ) में पर

11 .**तत्सम शब्द चुनिए -** (क) महल (ख) नदी (ग) सर्प (घ) पानी

12 **'ता' प्रत्यय से बना शब्द क्या नहीं है :**

(क) सुंदरता (ख) मूर्खता (ग) पिता (घ) निर्धनता

**13 रिक्त स्थान हेतु उचित शब्द चुनिए:**

तोमोय में हर ----- बाग के एक पेड़ को अपने खुद के चढ़ने का पेड़ मानता है |

(क) बच्चा (ख) बूढा (ग) माता (घ) छात्र

14 **'अक्ल चरने जाना - मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए|**

15 **किन्ही दो शब्दों के अर्थ लिखिए -** शावक ,साम्प्रदायिक , व्यय

**प्रश्न 2.नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उतर लिखिए :-**

जिस विद्यार्थी ने समय की कीमत समझ ली, वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी दिनचर्या की समय-सारिणी अथवा तालिका बनाकर उसका पूरी दृढ़ता से पालन करना चाहिए। जिस विद्यार्थी ने समय का सही उपयोग करना सीख लिया, उसके लिए कोई भी कार्य असंभव नहीं है। कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो किसी कार्य के पूरा न होने पर समय की दुहाई दिया करते हैं। वास्तव में सच्चाई इसके विपरीत होती है। अपनी अकर्मण्यता और आलस्य को वे समय की कमी के बहाने छिपाते हैं। कुछ लोगों को अकर्मण्य रहकर निठल्ले समय बिताना अच्छा लगता है। ऐसे लोग केवल बातूनी होते हैं।दुनिया के सफलतम व्यक्तियों ने सदैव कार्य-व्यस्तता में जीवन बिताया है। उनकी सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग रहा है। दुनिया में अथवा प्रकृति में हर वस्तु का समय निश्चित है। समय बीत जाने पर कार्य फलप्रद नहीं होता। सूरज यदि समय पर उदय होना व अस्त होना बंद कर दे, वर्षा यदि समय

पर न हो, किसान समय पर अनाज न बोए, तो कैसी स्थिति हो जाएगी? ठीक इसी प्रकार यदि विद्यार्थी समय की कीमत नहीं समझेगा तो वह सफलता नहीं प्राप्त कर सकता। परीक्षा के समय यदि विद्यार्थी परिश्रम नहीं करेगा और उस दिन आराम करेगा तो उसे वांछित सफलता नहीं मिल सकती।

1 कैसे विद्यार्थी सफल होते है? 1

2 कुछ विद्यार्थी काम न पूरा होने पर क्या बहाना बनाते हैं? 1

3 परीक्षा के समय यदि विद्यार्थी परिश्रम नहीं करेगा तो उसका परिणाम कैसा रहेगा? 1

4 बातूनी और सफल व्यक्तियों में क्या अंतर होता है? 2

**प्रश्न 3 निम्नलिखित पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए व पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

बरसे बदरिया सावन की।

सावन की, मन-भावन की।।

सावन में उमग्यो मेरो मनवा, भनक सुनी हरि आवन की।

उमड़-घुमड़ चहुँदिस से आया, दामिन दमकै झर लावन की।।

नन्हीं-नन्हीं बूँदन मेहा बरसे, शीतल पवन सुहावन की।

मीरा के प्रभु गिरधर नागर! आनंद-मंगल गावन की।।

**प्रश्न -1.** सावन के महीने में कवयित्री का मन कैसा हो जाता है ? 1

2. ‘दामिन’ शब्द का अर्थ लिखिए | 1

3. ‘गिरधर नागर’ शब्द का प्रयोग किस के लिए किया है ? 1

**4.**सावन के महीने में वातावरण कैसा हो जाता है ? 2

**प्रश्न** - 4 **पठित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 1x5 =5**

कहा जाता है एक बार वीर कुँवर सिंह को अपनी सेना के साथ गंगा पार करनी थी। अंग्रेजी सेना निरंतर उनका पीछा कर रही थी, पर कुँवर सिंह भी कम चतुर नहीं थे। उन्होंने अफ़वाह फैला दी कि वे अपनी सेना को बलिया के पास हाथियों पर चढ़ाकर पार कराएँगे। फिर क्या था, अंग्रेज़ सेनापति डगलस बहुत बड़ी सेना लेकर बलिया के निकट गंगा तट पर पहुँचा और कुँवर सिंह की प्रतीक्षा करने लगा। कुँवर सिंह ने बलिया से सात मील दूर शिवराजपुर नामक स्थान पर अपनी सेना को नावों से गंगा पार करा दिया। जब डगलस को इस घटना की सूचना मिली तो वह भागते हुए शिवराजपुर पहूँचा, पर कुँवर सिंह की तो पूरी सेना गंगा पार कर चुकी थी। एक अंतिम नाव रह गई थी और कुँवर सिंह उसी पर सवार थे। अंग्रेज सेनापति डगलस को अच्छा मौका मिल गया। उसने गोलियाँ बरसानी आरंभ कर दीं, तब कुँवर सिंह के बाएँ हाथ की कलाई को भेदती हुई एक गोली निकल गई। कुँवर सिंह को लगा कि अब हाथ तो बेकार हो ही गया और गोली का ज़हर भी फैलेगा, उसी क्षण उन्होंने गंगा मैया की ओर भावपूर्ण नेत्रों से देखा और अपने बाएँ हाथ को काटकर गंगा मैया को अर्पित कर दिया। कुँवर सिंह ने अपने ओजस्वी स्वर में कहा, "हे गंगा मैया! अपने प्यारे की यह अकिंचन भेंट स्वीकार करो।" वीर कुँवर सिंह ने ब्रिटिश हुकूमत के साथ लोहा तो लिया ही उन्होंने अनेक सामाजिक कार्य भी किए।

**1 अंग्रेज़ सेनापति डगलस बहुत बड़ी सेना लेकर बलिया के निकट -------- पर पहुँचा?**

(क) गंगा तट (ख) यमुना तट (ग) नर्वदा तट (घ) गोदावरी

**2 कुँवर सिंह अपनी सेना को नावों से गंगा पार करावा कर कहाँ ले गया ?**

(क) शिवराजपुर (ख) राजपुर (ग) शिवनगर (घ) राजनगर

**3 कुँवर सिंह ने अपने बाएँ हाथ को काटकर किस को अर्पित कर दिया ?**

(क) सेनापति डगलस (ख) लोगों (ग) गंगा मैया (घ) मित्र

**4 कुँवर सिंह ने ब्रिटिश हुकूमत के साथ <u>लोहा लिया</u> | रेखांकित शब्द का अर्थ चुनिए**

(क) **युद्ध लड़ना** (ख) व्यहवार करना (ग) व्यापार करना (घ) हार जाना

**5 कुँवर सिंह ने कैसे कार्य किए ?**

(क) सामाजिक (ख) धार्मिक (ग) व्यावहारिक (घ) मूर्ख

**(खंड -ब)**

**प्रश्न 5 .निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर अंकों के आधार पर लिखिए:-3x2=6**

1 कुब्जा ने किसी के साथ दोस्ती क्यों नहीं की ?

2 खानपान में बदलाव करने से क्या -क्या फायदे हुए हैं ?
3 पाठ 'आश्रम का अनुमानित व्यय' में वर्णित आश्रम कहाँ स्थित है व वहाँ पर आरंभ में कितने लोगों के रहने की व्यवस्था की जाने की योजना बनाई गई ?

4 ' नीलकंठ के स्वभाव की चार विशेषताएँ पाठ के आधार पर लिखिए |

प्रश्न -6 किसकी बात सुनकर मिठाईवाला भावुक हो गया था?उसने इस व्यवसाय को अपनाने का क्या कारण बताया ? **4**

अथवा

आपको कई बार लगता होगा कि आप कई छोटे-छोटे काम करना चाहे तो कर सकते हैं, लेकिन आप उन्हें चाह कर भी नहीं सीख पाते बताइए इसके पीछे क्या कारण रहे होंगे ?

**प्रश्न 7 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :-** 5

1 खेल व स्वास्थ्य 2 हमारा राष्ट्रीय ध्वज : तिरंगा 3 जैसी संगत वैसी रंगत

प्रश्न 8 आपके क्षेत्र में बड़ते अपराधों की रोकथाम हेतु थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए | 5

अथवा

आपके विद्यालय से पिकनिक पर ले जाया जा रहा है|पिताजी से अनुमति लेने हेतु पत्र लिखिए |

प्रश्न 9 आधुनिक सुविधाओं युक्त मोबइल फोन हेतु 80-100 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए | 5

प्रश्न 10 निम्नांकित चित्र का वर्णन **80-100** शब्दों में कीजिए | **5**

